# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 जनवरी 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री



शहर में फिर एक बार वाहन चेकिंग शुरु हो गई। इस दौरान विभिन्न चौक-चौराहों में वाहनों की सघन जांच यातायात पुलिस कर रही है।

## खबर संक्षेप

### कल होगी स्कूली बसों की जांच

बिलासपुर। शैक्षणिक संस्था में संचालित स्कूल बसों की मैकेनिकल एवं वाहन प्रपत्रों की जांच के लिए परिवहन विभाग 14 जनवरी को कैंप लगाया जाएगा। चालक व परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। विभाग ने जिले के स्कूल संचालकों को पत्र जारी कर बसों के साथ उपस्थित होने का आदेश दिया है। अभिनव शर्मा ने बताया कि स्कूल बसों के टैक्स, परमिट, फिटनेस, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, प्रदुषण प्रमाण पत्र के साथ पुलिस ग्राउंड में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप जांच की जाएगी।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 को

बिलासपुर। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6वीं व 9वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी 2024 को एनटीए द्वारा आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाइट **www.nta.ac.in** या **https://exams.nta.ac .in/AIS-SEE/** पर संपर्क किया जा सकता है।

### एडमिशन के लिए 10 फरवरी को प्रवेश परीक्षा

बिलासपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 9 वीं व 11 वीं की रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। ध्यान रहे कि प्रदेश में 29 नवोदय विद्यालय हैं। जहां विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। इन दोनों कक्षाओं में लेटरल एंट्री से एडमिशन के लिए 10 फरवरी को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। जेएनवी की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। इसे लेकर गाइडलाइन भी जारी की गई है। आवेदनों की स्क्रूटनी होनी है। पात्र आवेदनकर्ता छात्रों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। इसके बाद निर्धारित केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## एमआईसी में कुछ प्लाटों का प्रस्ताव कर दिया गया पास

# बिना नीलामी के शासकीय जमीन बेचने की तैयारी कर रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में नियमों, प्रावधानों को दरकिनार कर शासकीय जमीन को बेचने की तैयारी चल रही है। यहां तक ट्रांसपोर्ट नगर योजना तहत परसदा में बची हुई 2.70 एकड़ जमीन को गाइड लाइन दर पर बेचे जाने मेयर इन कौंसिल में प्रस्ताव भी पास कर दिया गया है। इसके अलावा राजकिशोरनगर एवं व्यापार विहार के भी जमीन को बिना नीलामी, निविदा बुलाए आबंटन करने की तैयारी की जा रही है। मजेदार बात यह है कि उक्त भू-खण्डों को एक-एक व्यक्ति विशेष को आबंटित करने की योजना बनाई गई है।





अलग खबर

नगर निगम में यह प्रावधान है किसी भी प्रकार की भू-खण्डों व संपत्तियों को अंतरण 1994 के नियम अंतर्गत निविदा बुलाकर आबंटित किया जा सकता है। लेकिन नगर निगम में इन नियम, प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है और निगम के कई शासकीय भू-खण्डों को बिना निविदा, नीलामी प्रक्रिया के आबंटन की तैयारी चल रही है। इससे पहले भी नगर निगम द्वारा व्यापार विहार, राजकिशोरनगर सहित निगम के विभिन्न भूखण्डों के लिए निविदा प्रक्रिया की गई थी। व्यावसायिक काम्पलेक्स की दुकानों को भी नीलामी प्रक्रिया के अंतर्गत आबंटित किया गया था। इसके लिए बकायदा विज्ञापन जारी कर मुहर बंद लिफाफों में निविदा आमंत्रित की गई थी और ज्यादा बोली वालों को भू-खण्ड एवं दुकानें आबंटित की गई थी, लेकिन अभी मुहर बंद लिफाफों में निविदा बुलाने के बजाए सीधे-सीधे एक-एक व्यक्ति विशेष को जमीन आबंटित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए मेयर इन कौंसिल की बैठक में कुछ भू-खण्डों के लिए अतिरिक्त प्रस्ताव लाकर आबंटन प्रस्ताव पास भी कर दिया गया है।

### ट्रांसपोर्ट नगर में 2.70 एकड़ जमीन

ट्रांसपोर्ट नगर योजना के लिए राज्य औद्योगिक विकास निगम से परसदा में 23.23 एकड़ जमीन 30 वर्ष की लीज पर दिया गया है, जिसमें 592 विभिन्न आकार के प्लाट काटकर आबंटन किया गया है। उक्त सभी भूमि ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट व्यावसायियों, रिपेयरिंग, स्पेयर पार्टस, गुड्स, ब्रोकर्स को आबंटित किया गया है। ट्रांसपोर्ट नगर में स्वीकृत भू-अभिन्यास में 2.70 एकड़ भूमि व्यावसायिक उपयोग के लिए आरक्षित रखा गया है, जो वर्तमान में खाली है। एक तरह से यह खाली भूमि भविष्य के प्रयोजन के लिए रखी गई है। लेकिन नगर निगम इस खाली जमीन से अपना वित्तीय क्षति होने की बात कह रही है। इसलिए भूमि पर व्यावसायिक निर्माण कार्य या रिक्त भूमि का आबंटन योजना अनुसार ट्रांसपोर्टर्स के लिए करने की शर्त पर महापौर ने मामला एमआईसी में रखने के निर्देश दिए थे। वर्तमान में कलेक्टर गाईड लाइन के अनुसार इस जमीन का मूल्य 116600.00 रुपए प्रतिवर्ग मीटर अर्थात 1078.00 प्रति वर्गफीट निर्धारित किया गया है।

### व्यापार विहार व राजकिशोरनगर के चार प्लाट

ट्रांसपोर्ट नगर की जमीन के अलावा नगर निगम में राजकिशोरनगर और व्यापार विहार के भी चार प्लाटों को बिना निविदा प्रक्रिया के आबंटन करने की योजना है। इसके लिए एमआईसी में अतिरिक्त प्रस्ताव भी लाए गए थे और प्रस्ताव पास कर दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापार विहार के प्लाट नंबर बी-23 के 5 हजार 301 वर्गफीट जमीन को बगल के प्लाट वाले व्यक्ति को दिए जाने की तैयारी है। व्यापार विहार में ही 500 वर्गफीट के एक और प्लाट को उससे लगे भू-खण्ड वाले को आबंटित करने की योजना है। इसके अलावा राजकिशोरनगर में 1 हजार वर्गफीट जमीन को भी किसी एक व्यक्ति को दिए जाने का प्रस्ताव है। राजकिशोरनगर में ही प्लाट नंबर 112 व 113 को बिना नीलामी, निविदा बुलाए आबंटन करने की तैयारी चल रही है।

### कमिश्नर के जाते ही हुई एमआईसी की बैठक

नगर निगम में आईएएस कमिश्नर कुणाल दुदावत के कोंडागांव कलेक्टर बनकर गए अभी सप्ताहभर हुए हैं और उनकी जगह पर अभी तक शासन से नए निगम कमिश्नर की पोस्टिंग नहीं हो पाई। इधर आईएएस कमिश्नर के जाते ही निगम में एमआईसी की बैठक हो गई, जिसमें निगम के जमीन को बिना निविदा प्रक्रिया के आबंटन का प्रस्ताव लाया गया। इससे पहले निगम में विधानसभा चुनाव के करीब ढ़ाई पहले अगस्त माह में एमआईसी हुआ था और चुनाव निपटने के बाद लगभग पांच माह के अंतराल में एमआईसी बुलाया गया था।

### प्रक्रिया के तहत होता है आबंटन

नगर निगम द्वारा जमीन आबंटन किया जाता है, उसके लिए प्रक्रिया होती है। निविदा होकर जो जमीन आबंटन के लिए आता है उसका आबंटन होता है।

- राकेश जायसवाल
प्रभारी आयुक्त नगर निगम

# जादू-टोना के शक में महिला से मारपीट, गर्म लोहे से दागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा में ग्रामीणों ने जादू टोने के शक में 70 वर्षीय महिला को गर्म लोहे से दाग दिया। इसके अलावा उसके बाल भी जलाए गए। साथ ही चेहरे को धारदार हथियार से काटा गया है। महिला को गंभीर अवस्था में सिम्स में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। महिला का बयान दर्ज कराया जा रहा है। मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा में रहने वाली महिला गुरुवार की रात अपने घर पर ही थीं। रात करीब 12 बजे गांव में रहने वाले कुछ लोग उन्हें घर से बुलाकर ले गए। इसकी जानकारी परिजन को नहीं लगी। इसके कुछ देर बाद महिला की चीख सुनकर परिजन बाहर निकले। घर से थोड़ी दूरी पर महिला गंभीर स्थिति में पड़ी थी। महिला की बहू राजेश्वरी सोनवानी ने बताया कि गांव के ही केजउ राठौर और उसके साथियों ने मारपीट की है। केजउ ने बाहर से बैगा बुलवाया था। उसक साथ मिलकर जादू टोने के शक में उनकी सास से मारपीट की गई है। साथ ही गर्म लोहे से उनके शरीर को अलग-अलग जगहों पर दाग दिया गया है। महिला के बाल को भी हमलावर ने जला दिया है। गंभीर महिला को सिम्स में भर्ती कराया गया है। यहां पर उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।



सिम्स में भर्ती वृद्ध महिला।

**पति-पत्नी, बेटा-बहू समधियों के साथ 2-3 बैगाओं ने टोनही होने का आरोप लगाकर जिंदा जलाने का किया प्रयास**



अस्पताल में बैठे वृद्धा के परिजन।

### मामले की कराई जा रही जांच

महिला से मारपीट और उसके बाल जलाने की सूचना मिली है। इस पर जवानों को सिम्स भेजा गया है। साथ ही गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घायल महिला का बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- रविंद्र कुमार अनंत, थाना प्रभारी मस्तूरी

### मरा समझकर बाड़ी में फेका हालत गंभीर

महिला के बेटे ने पुलिस में शिकायत कराने हुए बताया कि गांव के केजउ राठौर उनकी पत्नी मथूरा, बेटा सुरेश, सुरेंद्र, बेटी बिजलीरानी, लक्ष्मीरानी, बहू कुमकुम और दो दमाद के साथ ही उनके समधी अपने साथ 2-3 बैगा लेकर आए और मेरी मां पर अपने घर में भूत प्रेत भेजने का अरोप लगाते हुए मुंह में कपड़ा बांध जिंदा जलाने के लिए अपने बाड़ी में ले गए। यहां मारपीट और जलाने के बाद उन्हें मरा समझकर फेंक दिया। कुछ देर बाद मां की चीख सुनकर हम पहुंचे और 112 में फोन कर पुलिस को सूचना दी, पुलिसवालों ने उन्हें पहले मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, स्थिति गंभीर होने पर सिम्स भेजा।


हरिभूमि

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल

एवं

BNI बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2024

द्वारा आयोजित

निःशुल्क



स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता

समय : सुबह 10:00 बजे से

प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी : 0 से 3 वर्ष तक एवं 3 से 5 वर्ष तक



रंगोली सजाओ प्रतियोगिता

समय : सुबह 9:30 बजे से



मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता

समय : सुबह 11:30 बजे से

स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल :- डॉ. अशोक के. अग्रवाल , डॉ. शिखा अग्रवाल, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. श्रीकांत गिरि , डॉ. एम.एच. सिद्धीकी

दिनांक : 14 जनवरी, दिन : रविवार, स्थान : मेला स्थल, सांईस कॉलेज मैदान, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)

पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank
...the name you can BANK upon!
pnb
www.pnbindia.in

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BE, M.TECH, MBA, PHARMACY, B.COM, B.SC, PGDCA, BHMS

AADHARSHILA VIDYA MANDIR IS NOW NEW SAINIK SCHOOL
A day boarding cum residential school, Affiliated to CBSE - 3330179
Affiliated to Sainik School Society, New Delhi
ADMISSION OPEN 2024-25
07752260085, 74894-12281/87
Ramtala Rd, Behind Govt. Engg. College, Sendri, Bilaspur (C.G.)

LAKSHI GOLD DIAMONDS
FLAT 8% MAKING CHARGE
MARWADI LINE, SADAR BAZAR BILASPUR (C.G.)
9884486188, 9244547115

नोट - 1. मेहंदी एक ही हाथ में लगाना है
2. मेहंदी लगाने हेतु एक घंटे का समय दिया जाएगा
3. प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामग्री साथ लावें ।

पंजीयन का समय
दोपहर 12 से 4 बजे तक

हरिभूमि
गौरवपथ, बाबजी पार्क के सामने
रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर
फोन: 07752-401052, 271016

नियम एवं शर्तें : 1. रंगोली सजाओं प्रतियोगिता एवं मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता तीन वर्गों में होगी, 5 से15 वर्ष, 16 से 25 वर्ष एवं 26 से ऊपर की पृथक-पृथक होगी। 2. प्रतियोगिता के तीन भागों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहित सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। 3. सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। 4. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा। 5. यह प्रतियोगिता केवल महिलाओं के लिए है।

SECL
South Eastern Coalfields Ltd.
PRESENTS

# BNI बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला

**10 से 16 जनवरी 2024**

**स्थान: साईन्स कॉलेज मैदान सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)**

## आज मेले का शानदार चौथा दिन उमड़ी भारी भीड़



12 जनवरी के कार्यक्रम की छलकियां



**मेले का आर्षकण**

फन — 10+ इंटरनेशनल झूले बिलासपुर में पहली बार

फूड — 37+ स्वादिष्ट फूड स्टॉल्स

बिजनेस — 300+ कंज्यूमर एवं होम स्टॉल्स

**मेले का आर्षकण लक्की ड्रॉ का पुरस्कार**

किस्मत की चाबी

जीतिए 5,00,000* तक के ईनाम

**आज का आकर्षण (13 जनवरी 2024)**

- साइंस मॉडल कॉम्पिटिशन (दोप-12 बजे)
- विजन ऑफ बिलासपुर द्वारा डॉ. देवेन्द्र सिंग सर (शाम-4 से 6 बजे तक)
- लोहड़ी कार्यक्रम (शाम-6 से 7 बजे)
- विभूतियों का सम्मान (शाम-7 से 8 बजे)
- राईजिंग स्टार सिंगिंग प्रतियोगिता (रात्रि-8 बजे)

**सुविधाएं**

- प्रतिदिन रक्तदान शिविर
- प्रतिदिन नि:शुल्क दंत चिकित्सा परामर्श
- प्रतिदिन नि:शुल्क नेत्र जांच
- आपातकालिन एम्बुलेंस सुविधा
- सीसी टीव्ही कैमरा से सुरक्षा
- पर्याप्त पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था
- अग्निशामक वाहन उपलब्ध
- आपातकालिन निकास द्वार

**व्यापार मेले के प्रमुख सहयोगी स्टॉल्स**

SECL | HousingCart Buy. Sell. Rent. | TOPAZ HOTEL | DCT | VRISAN PLYWOOD | GANESH TRADING COMPANY | DREAMMASON INFRABUILD SOLUTIONS PVT. LTD. | YAMAHA WORLD | NEXA MARUTI SUZUKI | MAHINDRA AUTO CENTER | Volkswagon | Satya MARUTI SUZUKI ARENA

APOLLO HOSPITALS | UMCC (Dr. Raunak Kalwani) | SHRI SHYAM HOSPITAL | MARK HOSPITAL | GANESH FURNITURE | SHAMRON FURNITURE | Home@Home The Furniture Solution | CHANDA FURNITURE | CAREER POINT WORLD SCHOOL BILASPUR | TATA COPPER DRINKING WATER | PRAYAS PUBLIC SCHOOL & ACADEMY

BALAJI DOORS | TODAYS FURNITURE | BHARAT KIDS | AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD. | शारदा इन्टरप्राईजेस | SALUJA TV | YASH ELECTRONICS | GLOBAL POWER | SHRIWARI RESTAURANT | KANHA CATERING | BAGGA ENTERPRISES | NITIN ENTERPRISES

E1 ELECTRIC ONE | RESERVE BANK OF INDIA | SUDHA SALES | TATA COPPER DRINKING WATER | बिलासपुर पुलिस निजात नशा मुक्ति अभियान

AdPRAYAS

POWERED BY HousingCart Buy. Sell. Rent. | TOPAZ HOTEL | DCT | CVRU DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

MEDIA PARTNER ADPRAYAS BRAND MENTOR | OUTDOOR PARTNER Vijay | RADIO PARTNER MY FM | PRINTING PARTNER R FLEX PRINTER | SCREEN PARTNER SHIVAM

## खबर संक्षेप

### लखराम में डांस प्रतियोगिता आज

**लखराम।** ग्राम लखराम में नवयुवक दुर्गोत्सव समित द्वारा बस स्टैंड में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार ग्रुप में 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 1501 रुपए रखा गया है। इसी प्रकार एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2500 रुपए द्वितीय पुरस्कार 1500 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 1000 रुपए रखा गया है।

### पेड़ पर लटकी मिली अज्ञात की लाश

**तखतपुर।** पचबहरा के लिम्ही खार में 30 वर्षीय अज्ञात युवक की पेड़ पर लटकी लाश मिली। पुलिस ने पंचनामा कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत पचबहरा के लिम्ही खार में एक कसही के पेड़ पर 30 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश लटकी मिली। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा शव का पंचनामा उपरांत पोस्ट मार्डम कराया है तथा शव का मरच्यूरी में रखा गया है। तथा पुलिस मामले को जांच में लिया है।

## निधन

### मन्ना लाल यादव



**तखतपुर।** खम्हरिया निवासी एवं पंचायत सचिव मन्ना लाल यादव 41 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया। वे हर लाल के पुत्र, पिंकी यादव के पति तथा पन्ना लाल, अन्ना लाल के भाई एवं समीर यादव के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खम्हरिया में किया गया।

### राजू कश्यप



**मोपका।** वार्ड क्रमांक 47 पंडित रामगोपाल तिवारी नगर गोड़पारा मोपका निवासी समाजिक कार्यकर्ता स्व. थूकेल कश्यप के सुपुत्र राजू कश्यप का 47 वर्ष की आयु में 11 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अमन कश्यप के पिता थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्रों को मिलती है प्रेरणाः धर्मजीत

- जेएमपी कॉलेज के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए स्थानीय विधायक
- छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

वार्षिक उत्सव का मकसद सिर्फ़ मनोरंजन करना नहीं होता वरन छात्र-छात्राओं की रुचियों और प्रगति का लेखा-जोखा जानना भी होता है।

इस आयोजन से सभी विद्यार्थियों को नया उत्साह और प्रेरणा मिलती है यह उत्सव प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मंच देने का एक अवसर होता है जहां विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में निखार





कार्यक्रम में उपस्थित विधायक धर्मजीत सिंह व अन्य।

लाता है। उक्त बातें शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव में विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह ठाकुर, सीएसपी गौरव ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रेतानाथ पांडेय, प्रो. महेश पांडेय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मधुलिका लाल ने की। अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा व स्व. जनकलाल मोतीलाल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक धर्मजीत सिंह ने मंच बनाने 5 लाख रुपए व सिंथेटिक कोर्ट हेतु 5 लाख रुपए विधायक मद से देने की घोषणा की। इसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ बसंत अंचल ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक प्रभारी डॉ मीना शर्मा, डॉ पार्वती पटेल, डॉ मनीषा नाथ, डॉ विपिन अग्रहरि, इंदु अनंत, सिमरन टेकचंदानी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक भूतपूर्व छात्र, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गर्ल्स स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए अटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगहना एवं उत्तर माध्यमिक विद्यालय बानाबेल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए। अटल श्रीवास्तव का स्वागत एनएसएस स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा परंपरागत तरीके से किया गया।

मंच पर पूर्व मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, शाला के प्राचार्य व पालक, शाला विकास समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। शाला विकास समिति और स्टाफ की मांग पर उन्होंने दो लाख की राशि मंच बनाने हेतु देने की विधायक निधि से घोषणा की। इस अवसर पर श्रीवास्तव ने कहा कि बेलगहना शुरू से सांस्कृतिक पहचान और



धार्मिक पहचान बनाकर रखा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए आत्मानंद हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना की उसे बढ़ाने का काम किया। अंग्रेजी माध्यम का लाभ मध्यमवर्गीय परिवारों को मिले यही काम किया। मैं उम्मीद करता हूं कि वर्तमान के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री भी आत्मानंद स्कूल और शिक्षा नीति को इसी तरह आगे बढ़ाते रहेंगे। स्कूल के कार्यक्रम के पश्चात अटल श्रीवास्तव यादव समाज द्वारा आयोजित भागवत कथा सम्मेलन में भी शामिल हुए और भागवत कथा श्रवण किया।

# जरूरतमंदों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा के लिए एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

गरीबी का दंश झेल रहे क्षेत्र के होनहार प्रतिभाओं के सामने सरकारी नौकरी के लिए आर्थिक कोई बाधा न आए। इसी उद्देश्य से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे क्षेत्र के अभ्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग खोलने की मांग को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी पतिषद सीपत ईकाई के नगरमंत्री भूतिविभूषण कौशिक के नेतृत्व में समस्त अभाविप के सदस्यों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम अभाविप ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के लिए अच्छी कोचिंग



न होने की वजह से क्षेत्र के प्रतियोगी परीक्षार्थी पिछड़ते जा रहे हैं। चूंकि क्षेत्र के अधिकतर अभ्यार्थियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा एक अच्छी निःशुल्क कोचिंग सेंटर खोलने की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपने वालो में नगरमंत्री भूतिविभूषण कौशिक सोनू निर्मलकर मिथलेश श्रीवास सुमित कौशिक अंजली पटेल उमा बिंझवार अजय पांडेय सहित अन्य अभाविप के कार्यकर्ता शामिल रहे।

### लोरमी में विकसित भारत सकल्प यात्रा आज

**लोरमी।** नगर के मानस मंच में सुबह 9 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता - नगर पंचायत अध्यक्ष अंकिता रवि शुक्ला करेंगी। उक्त जानकारी सीएमओ लालजी चंद्राकर ने दी।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश चयन परीक्षा 20 को

**मल्हार।** जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 20 जनवरी शनिवार को आयोजित की जाएगी। जिसके लिये बिलासपुर जिले के स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के रोल नंबर उनके सामने अंकित किये गए गए हैं। परीक्षा में परीक्षार्थी अपने निर्धारित केंद्र में अपने प्रवेश पत्र, आधार कार्ड के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

# आधारशिला सैनिक स्कूल में हर्षोल्लास से मना युवा दिवस

- विद्यार्थियों भाषण प्रतियोगिता में लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा, स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की दी गई सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया।। जिसमें उनके सुविचार के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि, उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।

कार्यक्रम में अतिथि बिलासपुर आकाशवाणी से सुप्रिया भारती, आरजे फिजा, शिक्षाविद रोविन पुष्प ,ख्वाब फाउंडेशन के संस्थापक ब्रैंडन डिसूजा व सक्रिय समाज सेवी अमल जैन, मंचासीन रहे। विद्यालय में छात्रों के बीच एक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक समाज में संस्कृतियों और सीमाओं के पार शांति, सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता रखी गई। तथा अतिथियों के द्वारा परिणाम घोषित किए गए जिसमें छात्रा हर्षिका पांडे प्रथम स्थान, पल्लवी कुलदीप द्वितीय स्थान तथा वैशाली साहू का तृतीय स्थान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनन्या दास के मार्गदर्शन पर छात्र चिन्मय पटेल एवं तानिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयर मैन डॉ अजय श्रीवास्तव, निर्देशक एसके जना स्वामी , प्राचार्य जीआर मधुलिका ने बच्चों को



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

स्वामी विवेकानन्द के जीवन से जुड़ी शिक्षा प्रद बातें एवं उनके आदर्शों पर चलकर अच्छे एवं संस्कारिक बनने की प्रेरणा देते हुए प्रोत्साहित किया।

# सेमरताल स्कूल में बालिकाओं ने खेलों में किया शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरताल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विघालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। धान मंडी मैदान में आयोजित खेलों का उद्घाटन प्राचार्य सुनीता शुक्ला के द्वारा किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विघार्थियों को चार दलों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग के 100 मी दौड़ मे प्रथम कृष्णा यादव द्वितीय कैलाश सूर्यवंशी रहा । 100 मी दौड़ सीनियर बालक वर्ग में प्रथम रनवीर सूर्यवंशी द्वितीय स्थान समीर साहू को मिला। 100 मी दौड़ जूनियर बालिका वर्गमें प्रथम चांदनी यादव, द्वितीय मुस्कान सूर्यवंशी रही। 100 मी दौड़ बालिका सीनियर वर्ग में प्रथम अल्का धीवर द्वितीय सानिया रही। क्रिकेट बालक में पीला दल पिवजेता और नीला दल उपविजेता रहा। भाला फेक बालक में प्रथम समीर साहू द्वितीय आदित्य सूर्यवंशी। तवा में प्रथम समीर साहू दूसरा शेखर धीवर। उंची कूद जूनियर बालक में प्रथम कमलेश द्वितीय अरुन सूर्यवंशी। उंची कूद सीनियर बालक में प्रथम प्रवीण राय द्वितीय आशुक लोनिया। इसी प्रकार से खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन के खेल का मुकाबला भी बड़ा रोचक रहा। स्कूल स्तरीय इस आयोजन में खेल प्रभारी अनिल वर्मा, व्यायाम शिक्षक संदीप त्रिपाठी, व्याख्याता राजेश शर्मा, चंदन सारखेल, आर सी रात्रे, सीमा ठाकुर, वर्षा भट, पदमा द्विवेदी, अदिति दुबे, अभिलाषा मिश्रा, शैली यादव, सपना शर्मा एवं ग्रंथपाल टीकाराम लहरे, धावक ब्रहमा धीवर, बलराम वासपयी, रामकृष्ण धीवर, देवशरण भार्गव अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन किया।



## खबर संक्षेप

### पीतांबरा पीठ के आचार्य ने की मुख्यमंत्री से सौंजन्य भेंट



**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित श्री पीतांबरा पीठ मां बगलामुखी मंदिर के पीठाधीश्वर और संत समिति धर्म समाज छग प्रमुख आचार्य दिनेश चंद्र महाराज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौंजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने के लिए उन्हें बधाई और आशीर्वाद दिया। आगामी 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह और उसमें सम्मिलित होने की भी जानकारी दी। संतों ने बताया कि उनके लिए गौरवशाली विषय है कि छत्तीसगढ़ से उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया है। आचार्य सुभेष शर्मन और आचार्य डॉ.दिनेश चंद्र महाराज ने कहा कि वे इस अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ के लिए सुख, समृद्धि और तरक्की की प्रार्थना प्रभु श्रीराम से करेंगे। आचार्य डॉ.दिनेश महाराज ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके साथ काफी समय तक चर्चा की और उन्हें इस आमंत्रण के लिए बधाई भी दी।

### शोभा टाह फाउंडेशन का निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल, लिया जायजा



**बिलासपुर।** शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा 14 जनवरी को जगन्नाथ मंगलम में होने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारी का आयोजन समिति ने जायजा लिया। जिसमें लोगों का सिकल सेल रक्त परीक्षण कर उपचार के लिए परामर्श दिया जाएगा। अनिल टाह ने बताया कि स्व. शोभा टाह की स्मृति में हर साल आयोजित किया जाता है। इसमें गरीबों को शहर के नामी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया जाता है। शिविर में मरीजों के आंखों की जांच कर चश्मा का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। शिविर का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### अग्र अलंकरण एवं प्रांतीय अधिवेशन आज से राजनांदगांव में

**बिलासपुर।** छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन का दो दिवसीय 16 वां प्रांतीय अधिवेशन व अष्टम अग्र अलंकरण महोत्सव 13 जनवरी शनिवार को अग्रवाल सभा राजनांदगांव के आतिथ्य में अनंत पैलेस सीआईटी कॉलेज के पास होने जा रहा है । छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन समारोह के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राजू अग्रवाल ने बताया की उद्घाटन मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सुबह 11 बजे करेंगे। समारोह की अध्यक्षता अभा अग्रवाल संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल करेंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद सुशील गुप्ता , सियाराम अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक राजेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री जयसिह अग्रवाल होंगे। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अशोक अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल के अनुसार इस महोत्सव तैयारी पूरी हो चुकी है। 13 जनवरी को सुबह 11 बजे उद्घाटन सत्र के पश्चात दोपहर 12 बजे से प्रांतीय अधिवेशन का प्रथम सत्र होगा। जिसमे विभिन्न विषयों एवं सुझावों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर युवा सत्र का उद्घाटन मंत्री ओपी चौधरी करेंगे।

### श्रुति जन कल्याण फाउंडेशन ने किया कंबल वितरण



**बिलासपुर।** श्रुति जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा कंबल का वितरण किया गया। फाउंडेशन की संस्थापिका चुन्नी मौर्य ने बताया की संस्था द्वारा समय-समय पर हमेशा सेवाकार्य किया जाता है। समाज के निर्धन व हर जरूरतमंद तक सेवा पहुंच सके, ऐसा प्रयास रहता है। इसी कड़ी में हमारी संस्था श्रुति जन कल्याण फाउंडेशन ने सामाजिक उत्तरदायित्व और सरोकार को ध्यान में रखते हुए जनजाति बाहुल्य ग्राम मोहरा में लगभग 150 जरूरतमंदों को कंबल, स्वेटर, कपड़े, बिस्कुट, चॉकलेट का वितरण किया। जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े और अन्य जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराना संस्था का उद्देश्य रहा है। इस कार्य में सरबजीत कौर, पिंकी गौड़, श्यामली राय, रचना ताम्रकार, मनजीत सिंह, जसमीत कौर, आरती अनंत, सरिता सोनी, अंजलि गोवर्धन, मोना बोडखे, पिंकी दीक्षित आदि का सहयोग रहा।

### ट्रेड यूनियन कौंसिल की बैठक में आगामी रणनीति पर चर्चा



**बिलासपुर।** ट्रेड यूनियन कौंसिल की मासिक बैठक संपन्न कराई गई। डबरीपारा कर्मचारी भवन में हुए इस बैठक में राजनीतिक स्थितियों का विश्लेषण किया गया एवं आगामी ट्रेड यूनियन आंदोलन पर चर्चा की गई। आगामी 16 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के रणनीति बनाई गई। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी एवं भूखमरी जैसी आम जनता की समस्याओं को हाशिए पर रखे जाने पर चिंता व्यक्त की गई। इसके पश्चात हाल ही में दिवंगत रेलवे के मजदूर नेता नागेश्वर मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस दौरान रवि बनर्जी, नंद कश्यप, राजेश शर्मा ,पीआर यादव, शौकत अली, पवन शर्मा, गोपी राव उपस्थित रहे।

# भारत की प्रतिष्ठा को स्थापित करने में विवेकानंद की अहम भूमिकाः साव

## कंपनी गार्डन में प्रतिमा पर माल्यार्पण, राष्ट्र स्वाभिमान यात्रा को किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत की प्रतिष्ठा और पुराने वैभव को वापस दिलाने में स्वामी विवेकानंद जी का महत्वपूर्ण योगदान है। स्वामी जी ने जाति, पंथ एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर देशप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता पर जोर दिया, जिससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया। ये बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने विवेकानंद उद्यान कंपनी गार्डन में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में कही। समारोह का आयोजन विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी की बिलासपुर शाखा द्वारा किया गया। उन्होंने गार्डन में स्थापित स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समारोह की अध्यक्षता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति अरूण दीवाकर नाथ वाजपेयी, विशेष अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस अवसर पर भारत माता की आरती में शामिल होकर राष्ट्र स्वाभिमान यात्रा को रवाना किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित उठो, जागो क्विज प्रतियोगिता की जानकारी युक्त पोस्टर का भी विमोचन किया।



### शिकागों में सनातन धर्म की पताका फहराई

श्री साव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज अधिक प्रासंगिक हैं। उनके विचारों को मूर्त रूप में परिवर्तित कर हम भारत को विश्व में अग्रणी देश बना सकते हैं। उनके विचारों में आत्म कल्याण के साथ-साथ विश्व कल्याण की भावना निहित है। उनका जन्म 1863 में ऐसे समय पर हुआ, जब देश हजारों सालों की गुलामी के कारण आध्यात्मिक रूप से कमजोर हो चुका था। स्वामी जी ने शिकागों की धर्मसभा में अपने अभूतपूर्व भाषण से सनातम धर्म की पताका फहरायी। भारतीय मूल्य एवं अध्यात्म की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया।

### युवा देश को विकसित व ताकतवर बनाएंगे

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन की कई पहलुओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में वो ताकत है कि पूरे विश्व को जोड़ सकती है। स्वामी जी को युवाओं पर अपार स्नेह और विश्वास था। युवा ही प्रधानमंत्री जी की अपेक्षा के अनुरूप देश को वर्ष 2047 तक विकसित एवं ताकतवर बना सकते हैं।

### देश सुशासन के नए आयाम गढ़ रहा

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि भारत देश सुशासन के नए आयाम गढ़ रहा है। अयोध्या में रामलला की स्थापना से देश को सांस्कृतिक आजादी पुनर्स्थापित हो रही है। समारोह में डॉ. ओम माखीजा, राजकुमार सचदेव और डॉ. केडी देवरस ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. उल्हास वारे ने विवेक वाणी सुनाकर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, पूर्व महापौर किशोर राय, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में युवा एवं शहर के नागरिक उपस्थित थे।

## विद्यार्थी अपने देवत्व को बढ़ाएं : कुलपति प्रो दुबे

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विकसित भारत 2047 के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के विचार एवं युवाओं की भागीदारी विषय पर राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्श पर चलने की बात कही और भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन उन्नत भारत अभियान, एनएसएस, एनसीसी और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के बिलासपुर प्रमुख डॉक्टर उल्हास वारे ने कहा कि हमें भाषा, भूषा, भजन, भवन, भ्रमण और भाव इन 7 पर केंद्रित होकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहिए। एडीपीओ डॉ अनिल तिवारी ने स्वामी विवेकानंद और उनकी माता के संवाद का उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी मां ने उनसे कहा कि वह जीवन में भगवान कृष्ण की तरह सारथी बने और लोगों को जीवन की दिशा दिखाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का कहना था कि शिक्षा और जीवन का उद्देश्य अलग-अलग नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण में हमें सतोगुण का विकास करते हुए उसके अधीन अपने देवत्व को बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर दुर्ग से आए विजय सोनी ने स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित कविता का पाठ किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ अरविंद तिवारी ने दिया और आभार प्रकट डॉ अनुपम तिवारी ने किया।

■ स्वामी विवेकानंद जयंती पर डॉ रमन विवि में राष्ट्रीय व्याख्यान



### विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें युवा : आदित्य

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक रामायण प्रसाद आदित्य ने युवाओं से आह्वान किया कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए अपने व्यक्तित्व, चरित्र और बौद्धिक निर्माण करना चाहिए। ताकि वह विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सके।

### भारत, वैश्विक बौद्धिकता का केंद्रः चक्रवाल



सीयू में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने की। श्री सिंह ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विषम परिस्थितियों में भारत की वैभवशाली एवं गौरवशाली ज्ञान परंपरा को विश्व पटल पर श्रेष्ठता के साथ स्थापित किया। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय नाम के अनुरूप वैश्विक रंग का स्वरूप ले रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्म अवलोकन तथा स्वाध्याय करने पर बल देते हुए स्वामी विवेकानंद की पुस्तक राजयोग के अध्ययन करने युवाओं से आव्हान किया।

### दूसरों के काम आने वाला ही युवा : बाजपेयी



अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में विवेकानंद पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता के आसंदी से कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेई ने कहा कि युवा वो होता है जो दूसरों के लिए काम करता है अर्थात स्वयं से पहले आप की भावना से समाज से जुड़कर मानवीय मूल्यों और गुणों को आगे रख कर कार्य करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी चिद विलासानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आज भी विश्व के युवाओं के लिए प्रासंगिक हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आभासी माध्यम से प्रधानमंत्री के भाषण को पूरा विश्वविद्यालय परिवार एवं छात्रों ने सुना। कार्यक्रम में मनोज सिन्हा, कुलसचिव शैलेंद्र दुबे, डॉ.तरुण धर दीवान, प्रो एच एस होता, डा पूजा पांडे डा गौरव साहू, डा सौमित्र तिवारी, डा महेंद्र मेहता, डा यशवंत पटेल, स्वाति टोप्पो, लतिका भाटिया, डा कलाधर, डा रेवा कुलश्रेष्ठ, डा प्रमोद तिवारी, शालिनी शुक्ला मोनिका पाठक आदि मौजूद थे।

# सामाजिक दायित्व की पूर्ति से सभी हो रहे लाभान्वित





**बिलासपुर।** व्यापार मेले के तीसरे दिन सुबह 6.30 बजे रिवर्व्यू में आरजे शिवम के निर्देशन में जुम्मा नृत्य पर युवाओं ने झूमकर आनंद लिया। स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस पर कटआउट पर माल्यार्पण कर बीएनआई के रिजनल डायरेक्टर डॉ. किरण पाल सिंह चावला व सौरभ चतुर्वेदी दिल्ली आईएस के डायरेक्टर ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाल कर युवाओं को उनके प्रभाव के महत्व को बताया। सुबह 7 बजे हुए मैराथन में लगभग 300 युवाओं ने भाग लिया। मैराथन रिवरव्यू से प्रारंभ हो कर व्यापार मेला स्थल साइंस कॉलेज ग्राउंड में समाप्त हुई। प्रतिभागियो को सर्टिफिकेट भी प्राप्त हुआ। दोपहर राजिंग स्टार सिंगिंग आडिशन हुआ। जिसमें 40 बच्चों ने गायकी का ऑडिशन दिया। फैशन शो के लिए भी युवाओं में काफी उत्साह था। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, एयू के कुलपति एडीएन बाजपेयी, डॉ. सीवी रमन युनिवसिटी के कुलपति आरपी दुबे, डॉ. ओम माखीजा, सौरभ चतुर्वेदी दिल्ली आईएस एकेडमी के डायरेक्टर उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। व्यापार मेले के अध्यक्ष डॉ. किरणपाल सिंह चावला ने कहा की बीएनआई के पहले सिद्धांत गिव्हर्स गेन के अंतर्गत व्यापार मेला पुनः प्रारंभ कर बिलासपुर शहर पर सौगात दी। सौरभ चतुर्वेदी,डॉ. ओम माखीजा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। रमन विवि के कुलपति ने कहा कि इस व्यापार मेले का आयोजन केवल व्यापार ही नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व की पूर्ति से सभी लाभान्वित हो रहे हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को प्रेरित किया। जीवन एवं शिक्षा का लक्ष्य एक है मनुष्य के अंदर जो चरित्र है उसका विकास करना। एयू के कुलपति एडीएन बाजपेयी ने कहा कि भारत की संस्कृति एक अद्भुत संस्कृति है। मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा ने बताया की ने कहां की 22 जनवरी को राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन हमें 1 दीपक आवस्य जलाना चाहिए। एडीशनल एपी अर्चना झा ने सभी को शपथ दिलाई की हमे नशा मुक्त होना चाहिए इसके लिए युवा दिवस पर उन्होंने युवाओं से विशेष आह्वान किया।

### युवाओं को गिवर्स गेन सम्मान

व्यापार मेला में आज युवाओं को उनकी उल्लेखनीय कार्य के लिए गिवर्स गेन सम्मान से नवाजा गया। इसमें - शिवम सिंग, प्रियंका ठाकुर, शानु छाबरा, बिंदु कछवाहा, सुशांत शुक्ला, विनय गुप्ता, सौरभ चतुर्वेदी, अविनाश मोटवानी, मोनिका पाठक, सचिन यादव, लक्ष्मी प्रसाद अनंत, विक्कू भाटीया, लोकेश पठाडे, साधना अग्रवाल, सत्येन्द्र खुटे, श्रद्धा जैन, गीतांजली तिवारी, डॉ. हरि अर्यन, डॉ. योगेश कनोजी, ब्रंडो डेसुजा, हिना खान, नीरज गेमनानी, उदित खत्री, रामानंद तिवारी, प्रकाश गलानी, सात्विक श्रीवास्तव आदि शामिल है।

**आज के कार्यक्रम** - स्कूली बच्चो के लिए साइंस मॉडल प्रतियोगिता, शाम को पंजाबी लोक नृत्य या लोहरी का कार्यक्रम, रायजिंग स्टार ऑफ बिलासपुर कार्यक्रम। 20 से 30 वर्ष के आयु समूह के 20 युवाओं का महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मान, व्यापार मेले में उपलब्ध सुविधाए जैसे सिक्योरेटी कैमरा 20 गार्डस, 30 सफाईकर्मी, प्रयाप्त पार्किंग, खुली-खुली दुकानें उपलब्ध हैं एवं झूले, फूड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठा रहे हैं।

### अपोलो अस्पताल के संस्था प्रमुख अरनव का सम्मान



बीएनआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व्यापार मेला के दूसरे दिन आयोजन समिति ने शहर के विकास में सहभागी युवाओं को सम्मानित किया। इसी तारतम्य में स्वास्थ्य सेवाओं में विशिष्ट सहभागिता के लिए अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के प्रमुख अरनव एस राहा, बिलासपुर रेंज के आईजी अजय यादव के द्वारा सम्मान किया गया। विदित हो कि श्री राहा का स्वास्थ्य के क्षेत्र में 21 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव रहा है। इन्होंने मणिपाल ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, बी के बिरला हॉस्पिटल, कोलंबिया एशिया एवं विभिन्न कारपोरेट अस्पताल में अपनी सेवाएं दी हैं। श्री राहा टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस से हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन की मास्टर्स डिग्री एवं सीनियर मैनेजमेंट प्रोग्राम आईआईएम कोलकाता से प्रशिक्षण प्राप्त किया। श्री राहा केंद्र सरकार के मिनिस्ट्री आफ कॉरपोरेट अफेयर के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर भी नियुक्त किए गए हैं।

## सीजी एपिकॉन का सम्मेलन आज से, 400 डॉक्टर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में दो दिवसीय स्टेट कॉन्फ्रेंस ऑफ फिजिशियन (सीजी- एपिकॉन -2024 ) का आयोजन 13 व 14 जनवरी को किया जा रहा है। इसमें देश भर से 400 डॉक्टर शामिल होंगे। सम्मेलन में सर्वहारा वर्ग को सुविधाजनक तरीके से सस्ता और सुलभ इलाज कैसे उपलब्ध हो, इस विषय पर डॉक्टर विचार विमर्श करेंगे। साथ ही देश भर के डॉक्टर नई बीमारी, नई तकनीक और नई दवाओं की जानकारी साझा करेंगे। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ अविजीत रायजादा ने बताया कि इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा को अधिक से अधिक सस्ता सुलभ और मितव्यई बनाने के साथ-साथ नई टेक्नोलॉजी और दवाइयों के उपयोग की जानकारी को साझा करना है।

डॉ रायजादा ने कहा कि ये बिलासपुर के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ के चिकित्सकों के लिए सुनहरा अवसर है, ताकि वह महानगरीय और आधुनिक अस्पताल के डॉक्टर से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में जन-जन तक सुविधाओं को पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर समिति के सभी पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। यह पहली बार है कि शहर में 400 से अधिक डॉक्टर शामिल होकर बीमारियों पर विचार मंथन करेंगे।

■ सर्वहारा वर्ग को सस्ता और सुलभ इलाज उपलब्ध हो- डॉ रायजादा

### उपमुख्यमंत्री साव व विधायक अमर होंगे अतिथि

डा. रायजादा ने बताया कि इसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के डिप्टी चीफ मिनिस्टर अरुण साव और विधायक अमर अग्रवाल होंगे। आयोजन की समिति के सदस्य डॉ अखिलेश देवरस, डॉ विजय, डॉ पवन अग्रवाल, डॉ पंकज, डॉ प्रदीप, डॉ चंद्र शेखर, डॉक्टर लखन सिंह हैं।

## एसईसीएल सीएमडी ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** एसईसीएल के सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में डीएवी के होनहार खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन डीएवी वसंत विहार में विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एसईसीएल के सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा रहे। इन खिलाड़ियों ने नई दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट में 9 स्वर्ण पदक सहित कुल 25 पदक जीते। वहीं तैराकी के लिए बेस्ट स्कूल का ख़िताब भी अपने नाम किया । इससे पूर्व क्लस्टर व ज़ोनल स्तर पर 40 से अधिक स्वर्ण पदक जीतते हुए डीएवी बिलासपुर के छात्रों ने स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा था । समारोह डीएवी प्रिंसिपल के. पार्थीपन की अगुवाई में संपन्न हुआ। उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसईसीएल सीएमडी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## स्व. पीसी डिसूजा टेटे बाल क्रिकेट मैच आज से

**बिलासपुर।** रेलवे के आरटीएस मैदान में 13 जनवरी से स्व. पीसी डिसूजा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार 5वां वर्ष होने जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 जनवरी से रेलवे ग्राउंड में होने जा रहा है। सुशांत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता को हर वर्ष स्वर्गीय पीसी डिसूजा की याद में कराया जाता है। प्रतियोगिता में हर वर्ष आसपास क्षेत्र की 34 टीमों को प्रवेश दिया जाता है। यह प्रतियोगिता टेनिस बॉल से खेली जाएगी। प्रतियोगिता में पहला इनाम 21 हजार रुपए व ट्राफी ट्रॉफी एवं दूसरा इनाम 11 हजार नकद व ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी रखा गया है। जिसमें 3000 नकद ट्रॉफी रखी गई है। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। खेल की तैयारी पूरी कर ली गई है।



## तलवारबाजी चैंपियनशिप में एयू ने किया ऑल इंडिया क्वालीफाई




**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष तलवारबाजी टीम ने इंटर यूनिवर्सिटी नॉर्थ ईस्ट तलवारबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने पूल में जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच कर अपना स्थान ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी तलवारबाजी चैंपियनशिप के लिए सुनिश्चित कर लिया है। ऑल इंडिया क्वालीफाई करने वाली 32 टीम की गुरु नानक देव विवि में 13 से 15 जनवरी तक भिड़ंत होगी। डॉ. प्रमोद तिवारी ने बताया कि एआईयू द्वारा 9 से 11 जनवरी तक नॉर्थ ईस्ट इंटर यूनिवर्सिटी तलवारबाजी चैंपियनशिप का आयोजन गुरु नानक देव विवि अमृतसर में किया गया था। एयू की टीम के पुरुष वर्ग में बीआर अंबेडकर विवि आगरा, गुरु काशी विवि भटिंडा और दिल्ली विश्वविद्यालय को हराते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विविअयोध्या, दिल्ली विवि और क्लस्टर विवि जम्मू को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों ने अपने वर्ग में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी तलवारबाजी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

एजुकेशन प्लस

## सेंट जेवियर्स स्कूल में कैरियर कार्निवल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक छात्र के लिए सबसे कठिन काम एक उचित करियर और विश्वविद्यालय का चुनाव करना है। छात्रों को उपलब्ध सर्वोत्तम विकल्प चुनने में मदद करने के लिए सेंट जेवियर्स हाई स्कूल व्यापार विहार ने 10 जनवरी को एक कैरियर कार्निवल का आयोजन किया। इसमें विभिन्न कैरियर का पता लगाने, जानकारों के साथ बातचीत कर विभिन्न विश्वविद्यालयों की जानकारी प्राप्त कर सकते थे। स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिया एपी ने छात्रों को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य देखभाल से लेकर वित्त और रचनात्मक उद्योगों तक असंख्य करियर विकल्प प्रदर्शित किए गए। बीआईटी रायपुर, जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, एनआईटीटीई डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी मैंगलोर, दीनदयाल यूनिवर्सिटी, एसआरएम यूनिवर्सिटी, पारुल यूनिवर्सिटी, कलिंगा यूनिवर्सिटी, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, एटीआरआईए इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बैंगलोर, बेनेट यूनिवर्सिटी सहित ग्रेटर नोएडा, बीईएसटीआई यू आंध्र प्रदेश, मारवाड़ी एजुकेशन फाउंडेशन सहित कुल 13 विश्वविद्यालयों ने अपने संस्थान के विषय में जानकारी दी। विश्वविद्यालयों और उनके प्रतिनिधियों ने छात्रों को संबोधित किया। कैरियर में लगातार विकसित हो रहे विकल्पों पर चर्चा की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूल के पूर्व छात्र शिखर अग्रवाल का प्रेरणादायी भाषण था। उन्होंने अपनी यात्रा के बारे में बात की और प्रेरित रहने के लिए प्रेरक किताबें पढ़ने पर जोर दिया। उपस्थित छात्रों ने नए उत्साह और अपने करियर पथ की स्पष्ट समझ के साथ कार्निवल का लाभ उठाया।



■ पूर्व छात्र शिखर अग्रवाल ने स्कूल के छात्रों को किया प्रेरित

## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक पटेल को दी गई विदाई

**लगरा।** शासकीय प्राथमिक शाला उरतुम के प्रधान पाठक सेतकुमार पटेल 42 वर्षो तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवा से निवृत हुए। इस अवसर पर प्राथमिक शाला उरतुम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनके कार्यकाल में प्रथम नियुक्ति प्राथमिक शाला रिस्दा व प्राथमिक शाला लगरा में अध्यापक के रूप में सेवा देने के बाद पदोन्त प्रधान पाठक के पद में हुआ। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक, मिडिल व हाई स्कूल के समस्त स्टाफ बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### हाई स्कूल में लगा नशा मुक्ति जागरूकता शिविर



**तखतपुर।** गायत्री परिवार युवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत ग्राम मोडे स्थित शासकीय हाई स्कूल में नशा मुक्ति जन जागरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को रीना ठाकुर नारायण प्रसाद पाली, शिक्षक महेंद्र दुबे ने संबोधित करते हुए युवा वर्ग से सभी प्रकार के नशा से समय को बचाकर स्वयं परिवार समाज और राष्ट्र को जीवंत जागृत बनाए रखने हेतु आह्वान किया। ग्रामीण क्षेत्र में गोपालन गौ सेवा संरक्षण को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देने आग्रह किया गया। कार्यक्रम में बलदाऊ प्रसाद गुप्ता, देवी सिंह ठाकुर, स्कूल के प्राचार्य पी टोप्पो, महेंद्र दुबे, श्रीमती तिवारी सभी का सहयोग रहा।

## पेंड्रा जिले के केंवची चेकपोस्ट का मामला

# आरटीओ का ऐसा पोस्ट, जहां टेकने पड़ते हैं घुटने, तब होते हैं काम






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रूपए का राजस्व वसूलने वाले विभाग का चेकपोस्ट सालों पुराना है, जहां घुटने के बल पर बैठने पर ही लोगों के काम होते है। वहीं मामला सामने आने के बाद परिवहन विभाग के अधिकारी इसके लिए नए कार्यालय बनाने की बात कह रहे है।

बिलासपुर से पेण्ड्रा रोड़ पर कारीआम के पास आरटीओ का चेक पोस्ट है। सड़क से गुजरने वाली हर गाड़ी यहां रोकी जाती है और सुरक्षा में आरटीओ का स्टाफ ड्यूटी देता है। जिस खिड़की के पीछे आरटीओ का कर्मचारी बैठ कर गाड़ियों के कागजात चेक करता है उस खिड़की को भी पूरी तरह बंद कर दिया गया है खिड़की के नीचे दो से पांच इंच की जगह छोड़ी गई है जिससे गाड़ी मालिक और चालक को घुटनों के बल बैठ कर स्टाफ से बात करनी पड़ती है। बताया जा रहा है कि यह चेक पोस्ट 30 साल से अधिक पूराना है और इसमें स्टाफ भी सालों से बैठते है, बदस्तूर हर आने जाने वाली गाड़ियों को रोका जाता है और कागज दिखाने के लिए स्टाफ के पास जाना होता है, जिसके चलते उन्हें घुटने टेकने पड़ते है। अब अधिकारियों के संज्ञान में बात आने के बाद नया चेकपोस्ट बनाने की बात कही जा रही है और उसके लिए जमीन का आबंटन भी हो चुका है।

### 6 माह में बनाई जाएगी पोस्ट

यह पोस्ट परिवहन विभाग के उड़नदस्ते के पास है, और उड़नदस्ते के अधिकारी ही यहां तैनात रहते है। एमपी और छत्तीसगढ़ के बार्डर एरिया होने के कारण यह संवेदनशील इलाकों में आता है। उड़नदस्ता प्रभारी केके चौबे ने बताया कि पोस्ट सालों पूराना है और यही पोस्ट होने के कारण स्टाफ को बैठना मजबूरी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विभाग ने जमीन का आबंटन कराया है जिसपर काम चालू कराया गया है, उनका कहना है कि 6 माह के भीतर नया पोस्ट बनकर तैयार हो जाएगा।



युवा दिवस के अवसर पर संबोधित करते वक्ता।

## लक्ष्य की तरफ उठाया गया पहला कदम ही आधी मंजिल के बराबर

**सीपत।** आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल सीपत एनएसएस ईकाई के स्वयंसेवको ने शुक्रवार को युवा दिवस मनाया।

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने संकल्प लिया गया। रासेयो अधिकारी ऋचा तिवारी ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण का महत्व बताते हुए कहा कि लक्ष्य की तरफ उठाया गया पहला कदम ही आधी मंजिल को पूरा करने के बराबर होता है। इस दौरान स्वयंसेवको ने गोदग्राम कौवताल में घर घर जाकर स्वास्थ्य संबन्धी जागरूकता कार्यक्रम चलाकर स्वास्थ्य के विषय मे लोगों को जागरूकता किया। वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ऋचा तिवारी अनिता शुक्ला ने स्वामी विवेकानंद के योगदानों के विषय मे अपने अपने विचार प्रकट किए। इस दौरान शाला की प्राचार्य टी विजयलक्ष्मी मोहुन संतोष सिंह अनिता शुक्ला रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ऋचा तिवारी विजयलक्ष्मी अवस्थी शारदा यादव शचि श्रीवास सहित शिक्षक व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

- स्वयंसेवको ने गोदग्राम कौवताल में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को किया

## दुकान के बाहर सामान रखने वालों पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका क्षेत्र में सड़क के किनारे व्यापारियों द्वारा सामान निकालकर आवागमन बाधित करने वालों को एसडीएम ने निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि दुकानदार अपना सामान सीमा रेखा के अंदर ही व्यवस्थित ढंग से रखें जिससे आने जाने वालों को कोई असुविधा न हो। एसडीएम ने सभी दुकानदारों को समझाइश देते हुए चेतावनी भी दी है। इसके बाद यदि आगामी दिवसों में दुकानदार बेजा कब्जा कर मार्ग बाधित करने का प्रयास करेंगे तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राहुल साहू, इंजीनियर कोकिला प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लोगों में दिख रहा 22 जनवरी का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

आयोध्या में हो रहे भगवान श्रीराम चंद्र की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है। श्रद्धालूजन इसके लिए अपने अपने स्तर पर तैयारी कर 22 जनवरी को खास बनाने में जुटे हुए हैं। सुबह शाम भजन मण्डलियों के द्वारा फेरी कर कीर्तन किया जा रहा है। लोगों को इस आयोजन के संबंध में जानकारी दी जा रही है। सभी से अपील की जा रही है कि भगवान के इस भव्य आयोजन में सभी अपनी सहभागिता अपनी सार्मथ्य के अनुरूप जरूर निभाएं।

- अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्सुकता



इस दिन के लिए लोग व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्तर पर आयोजन करने में जुटे हुए हैं। जगह जगह उस दिन रामायण व अन्य धार्मिक आयोजन रखा गया है। नगर पंचायत बरेला में भी ग्रामीण प्रभात फेरी कर रहे हैं। भगवान के इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे हुए हैं। नोहर सिंह ठाकुर, देवनाथ पटेल, टहल राम पटेल, छत्रपाल पटेल, विक्रम पटेल, धुमाण पटेल सहित अन्य नगरवासी खास आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

## मेढ़ तोड़कर बना दी सड़क, पार्षद समेत तीन के खिलाफ

**बिलासपुर।** सकरी में खेत की मेढ़ को तोड़कर कांग्रेसी पार्षद और उसके साथियों ने मिलकर सड़क बना दी। कालोनाइजर ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

तोरवा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी देवरीखुर्द में रहने वाले वरुण सिंह ठाकुर हिमालया डेवलपर्स के विधिक अधिकारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी फर्म के नाम पर सकरी में जमीन है। गुरुवार की सुबह साइट इंचार्ज ने बताया कि उनके फर्म की जमीन का मेढ़ काटकर अमित भारते, रामकुमार तिवारी और हाफा निवासी अंकित मिश्रा ने 50 फीट लंबी और 30 फीट चौड़ी सड़क बना दी है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि कांग्रेस पार्षद अमित भारते और उसके साथियों ने अपनी कालोनी के लिए सड़क का निर्माण किया है।

### पार्षद के खिलाफ प्रताड़ना का मामला है दर्ज

असामा सिटी में रहने वाले ऋषभ निगम ने सितंबर 2022 में सुसाइड कर लिया था। उन्होंने सुसाइड नोट में पार्षद अमित भारते और उसके साथियों के खिलाफ सूदखोरी का आरोप लगाया था। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने पार्षद और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। यह मामला अभी न्यायालय में है।



**खबर संक्षेप**

## मकर संक्रांति समारोह कल लोखंडी में

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मँच छत्तीसगढ़ द्वारा मकर सँक्राति समारोह का आयोजन 14 जनवरी को किया जा रहा है। भगवान श्री परशुराम मँदिर परिसर निर्माणाधीन आशीर्वाद भवन लोखंडी में सुबह 10 बजे से समारोह प्रारंभ होगा । मंच के प्रदेश संगठन सचिव सुदेश दुबे ने बताया कि भगवान श्री परशुरामजी की महाआरती, पूजन के पश्चात खिचडी एवँ तिल लड्डू का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मँच द्वारा छत्तीसगढ़ निवासी कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवारों की गणना का शुभारंभ किया जाएगा। मँच द्वारा आयोजित श्री राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता एवं क्रांतिवीर पँ.चन्द्रशेखर आजाद निबंध प्रतियोगिता के प्रतियोगियो को पुरस्कृत किया जाएगा। छात्राओं को छात्रवृति दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक शैलेष पांडेय करेंगे । कार्यक्रम संयोजक आदित्य त्रिपाठी एवँ राजेश पान्डेय हैं ।

## 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**बिलासपुर।** जिले में 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर द्वारा 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिला स्तर एवं मतदान केंद्र स्तर पर करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ लेने एवं इस कार्यक्रम को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड करने कहा है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है।

## गांजा बेचने के फिराक में पकड़ा गया युवक

**बिलासपुर।** गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे युवक को पुलिस ने मोपका बाइपास से गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के कब्जे से दो किलो गांजा जब्त किया गया है। सरकंडा पुलिस को सूचना मिली कि मोपका बाईपास में एक युवक गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इस पर थाना प्रभारी जेपी गुप्ता ने सिपाहियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। सिपाही ने मौके पर पहुंचकर ढबहीपारा परसाही निवासी रामकुमार सूर्यवंशी 37 वर्ष को पकड़ लिया। उसके पास रखी बोरी की तलाशी में दो किलो गांजा मिला। इसे जब्त कर युवक को थाने लाया गया। युवक के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

### टिकरापारा और जरहाभाठा में आहत हुए कई लोग

# शहर में कुत्तों का आतंक, एक ही दिन में 2 दर्जन लोगों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुत्तों के आंतक से शहर के लोग थर्राए हुए हैं, शुक्रवार को टिकरापारा के 15 और जरहाभाठा के 8 लोगों को कुत्तों ने अपना शिकार बनाया, इस दौरान कई लोग लहुलुहान हो गए, जिनका इलाज सिम्स और अन्य अस्पताल में कराया गया है।

■ नसबंदी नहीं होने से शहर में आंतक मचा रहे हैं कुत्ते

इन दिनों कुत्तों को आतंक से लोग खासे परेशान हैं, गली मुहल्लों में आवारा घूमते कुत्ते राहगीरों को अपना शिकार बना रहे हैं, जिसके चलते लोग हताहत हो रहे है। शुक्रवार को टिकरापारा, डीपी कालेज के पीछे कुछ लोगों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, इस दौरान 15 से अधिक लोग घायल हो गए और उनको जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ये कुते पिछले कई दिनों से लोगों को परेशान कर रहे हैं, लेकिन निगम के द्वारा अब तक इनकी पकड़धकड़ नहीं की गई है। वहीं शाम 4 बजे के बाद जरहाभाठा में भी 8 लोगों को कुत्तों ने काट दिया, जिन्हें इलाज के लिए सिम्स भेजा गया है। इस दौरान मरीजों के हाथ और पैर पर मल्टीपल बाइट के निशान पाए गए हैं, जिन्हें रैबीज का इंजेक्शन लगाकर चलता कर दिया गया है, लेकिन कुत्ते अभी भी घूम रहे हैं।



कुत्ता काटने के बाद इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंचे मरीज।



अस्पताल में इलाज कराता पीड़ित।

### बंद कर दी गई है नसबंदी

निगम द्वारा की जाने वाली नसबंदी बंद हो चुकी है, जिसके चलते शहर में लगातार कुत्तों की तादात बढ़ रही है, हर गली और मुहल्ले में आवारा कुत्ते घूम रहे है, जिससे सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को होता है। कई बार कुत्ते महिलाओं और बच्चों को शिकार बना रहे हैं। सुबह मॉर्निंग वाक में जाने वाले व्यक्तियों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है, कंपनी गार्डन घूमने जाने वाले कई लोग अपनी सुरक्षा के लिए हाथों में लकड़ी लेकर चहलकदमी करते नजर आते हैं।

# चोरी के पांच वाहन के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोरी की एक्टिवा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश रहे दो नाबालिगों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नाबालिग ने दो वाहनों को अपने घर में छिपाया था। वहीं, एक वाहन को बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। नाबालिग के कब्जे से पुलिस ने पांच वाहन जब्त किया है। आरोपी नाबालिग को न्यायालय में पेश किया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया कि शहर के अलग-अलग जगहों से



कोतवाली पुलिस ने जब्त किया वाहन।

वाहन चोरी की शिकायत मिल रही थी। चार जनवरी से आठ जनवरी के बीच चोरों ने क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से तीन वाहन पार कर दिए थे। इसकी शिकायत पर जुर्म दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। इसी बीच पता चला कि एक नाबालिग चोरी की एक्टिवा बेचने ग्राहक तलाश रहा है। सिपाहियों ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें वह गोलमोल जवाब दे रहा था। परिजन की मौजूदगी में कड़ाई से पूछताछ में उसने एक्टिवा चोरी करना बताया। साथ ही दो वाहनों को घर में छिपाकर रखना बताया। उसकी निशानदेही पर चोरी के तीन वाहन जब्त कर लिए गए। इसी तरह एक अन्य नाबालिग को दयालबंद मधुबन से पकड़ा गया। उसके पास से चोरी के दो वाहन जब्त किए गए हैं।

# आधी रात छापा मारकर 2 पोकलेन मशीन व 3 हाइवा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में डैम बनाने की आड़ में रेत माफिया नदी में पोकलेन उतारकर रेत की अवैध खुदाई कर रहे थे। खनिज विभाग की टीम ने आधी रात छापा मारकर 2 पोकलेन मशीन और 3 हाईवा को जब्त किया है। साथ ही खनिज अधिनियम के तहत केस भी दर्ज किया है।

■ खनिज विभाग ने की कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम अब मैदानी इलाकों में सक्रिय हो गई है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है। रेत, मिट्टी और मुरूम के अवैध उत्खनन और परिवहन से परेशान होकर लोग विभाग के अफसरों को जानकारी दे रहे हैं। बुधवार की रात खनिज विभाग को जानकारी मिली कि कोटा थाना अंतर्गत बेलगहना चौकी क्षेत्र के धोबघाट आमामुड़ा में रात-रात भर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। रात में खबर मिलते ही विभाग के अफसर टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान जांच में पता चला कि वहां अरपा नदी में डैम बन रहा है। यहां डैम बनाने की आड़ में रेत माफिया पोकलेन मशीन को नदी में उतार कर रेत की अवैध खुदाई कर रहे थे। जब टीम मौके पर पहुंची, तब कर्मचारी और चालक भाग गए। टीम ने दो पोकलेन मशीन और तीन हाईवा को जब्त कर पुलिस को सौंप दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में वाहन मालिकों पर खनिज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। टीम ने पोकलेन मशीन को जब्त कर सील कर दिया है, जबकि अवैध रेत परिवहन करने वाले हाईवा को जब्त कर पुलिस को सौंपा गया है। खनिज विभाग ने वाहन मालिकों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।



# प्रमुख बाजारों से हटवाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के प्रमुख बाजारों में सड़क से अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को बाजारों में अफरा-तफरी मची रही।

बृहस्पति बाजार, खोवा मण्डी, सदरबाजार, गोलबाजार, शनिचरी, कोतवाली चौक, फर्नीचर लाइन आदि जगहों पर नगर निगम अतिक्रमण शाखा की टीम और यातायात पुलिस द्वारा घूम-घूमकर अतिक्रमण हटवाते हुए व्यापारियों को समझाइश दी। शहर के प्रमुख मार्गों पर फिर से अतिक्रमण होने लगा है। सड़क पर ठेले वाले आज गए हैं साथ ही दुकान वाले भी अपने विज्ञापन बोर्ड एवं दुकानों के सामान लगाने लगे हैं। दुकानों के सामने



सड़क पर वाहन भी बेतरतीब ढंग से पार्क की जाने लगी है, जिसे लेकर नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने फिर से अभियान छेड़ा है। आज यह टीम सबसे पहले बृहस्पतिबाजार पहुंची, जहां पर यातायात को बाधित कर रोड पर जो सब्जी दुकान लगाए गए थे, उन सब्जी दुकानों को हटवाया गया। इसके बाद अतिक्रमण शाखा की टीम खोवा मण्डी में पहुंची, यहां पर नाली के ऊपर खोवा की दुकान लगी थी, जिसे हटवाया गया। टीम ने शनिचरी बाल्मिकी चौक, बिलासा चौक, मछली मार्केट, फर्नीचर लाइन, जवाली पुल, कोतवाली चौक, गोलबाजार, राघवेन्द्र हाल तक सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकानों के जो सामान रखें गए थे उन्हें हटवाया गया।

# माड्यूलर किचन एजेंसी दिलाने का झांसा व्यावसायी से 65 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माड्यूलर किचन की एजेंसी दिलाने झांसा देकर जालसाजों ने व्यावसायी से 65 लाख की धोखाधड़ी कर ली। व्यावसायी ने इसकी शिकायत तारबाहर थाने में की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

मंगला के ग्रीन गार्डन कालोनी में रहने वाले मनोज केशरवानी व्यावसायी हैं। वे जमीन और पान मसाले का कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 2021 में उन्होंने विज्ञापन देखकर माड्यूलर किचन की एजेंसी खोलने के लिए एडवांस इंटरनेशनल कंपनी के आफिस में फोन किया था। वहां पर उनकी बातचीत कंपनी की मैनेजर सीमा श्रीवास्तव से हुई। व्यावसायी ने राजीव प्लाजा में एजेंसी खोलने की बात कही। इस पर कंपनी की मैनेजर ने राजीव प्लाजा में पहुंचकर जगह का निरीक्षण किया। जगह तय करने के बाद उन्होंने एजेंसी देने की बात कहते हुए 30 लाख रुपए की मांग की। इस पर व्यवसायी ने रुपए दे दिए। इसका एग्रीमेंट भी व्यवसायी को दिया गया। इधर शोरूम तैयार कराने के बाद व्यावसायी ने सामान मांगा तो सीमा और कंपनी के डायरेक्टर यशवंत सिन्हा ने नया फैक्ट्री बनवाने की बात कहते हुए उनसे 35 लाख रुपए और मांगे। व्यवसायी ने नकद 35 लाख रुपए दिए। इसके बाद भी उन्हें सामान नहीं मिल पाया।

### 3 लाख का सामान भेज 25 लाख का थमाया बिल

व्यवसायी मनोज केशरवानी ने जब दबाव बनाया तो दो तीन लाख का सामान भेज दिया। इसका बिल 25 लाख रुपए भेजा। इससे व्यवसायी को धोखाधड़ी की आशंका हुई। बाद में उन्हें पता चला कि यशवंत सिन्हा और सीमा ने मिलकर कई लोगों से जालसाजी की है। व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### जेल में बंद है आरोपी

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी यशवंत और सीमा ने प्रदेश में कई लोगों से जालसाजी की है। उनके खिलाफ अलग-अलग थानों में जालसाजी का मामला दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ कांकेर थाने में भी जालसाजी का मामला दर्ज है। कांकेर पुलिस ने आरोपी यशवंत सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इसके बाद से आरोपी जेल में बंद है।







# पिता की चाकू मारकर हत्या आरोपी बेटा गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मां को मारने के लिए दौड़ा रहे पिता को युवक ने पहले ईंट से फेंक कर मारा। इसके बाद उसके पेट में चाकू घोप दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल पिता को युवक अस्पताल लेकर गया। अस्पताल में घायल की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कोनी थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि गोंड़पारा बरपारा में रहने वाले अर्जुन ध्रुव 50 वर्ष ड्राइवर थे। वे आए दिन शराब पीकर अपनी पत्नी प्रभा से विवाद करते थे। बुधवार की रात करीब 9 बजे वे अपनी पत्नी से विवाद कर रहे थे। इसी दौरान उनका बेटा सूरज ध्रुव 20 वर्ष घर आ गया।



उसने पहले अपनी मां को समझाईश देकर शांत रहने के लिए कहा। इस पर महिला शांत हो गई। इसके बाद भी अर्जुन घर में हंगामा करते हुए गाली-गलौज कर रहा था। उसने अपनी पत्नी को मारने के लिए दौड़ाया। इसी दौरान सूरज ने अपने पिता ईंट से फेंककर मारा। सिर में ईंट लगने से अर्जुन वहीं पर गिर गया। इसके बाद सूरज ने घर के चाकू से अपने पिता के पेट में मार दिया। बाद में खून से लथपथ अर्जुन को लेकर दिनेश और प्रभा सिम्स पहुंचे। अस्पताल में उपचार के दौरान अर्जुन ने दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने शव मर्चूरी भेजकर घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया।






12-JAN-REGNOL-Pg-4_Layout 1 1/13/2024 12:22 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### जीपीएम में देखा गया राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लाइव प्रसारण



**गौरेला।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाता है। नासिक महाराष्ट्र में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और एक नई ऊंचाई पर ले जाने युवाओं से आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होने युवा शक्ति पर केंद्रित अपने सारगर्भित और जोशीले भाषण से युवाओं का हौसला अफजाई की। जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में की गई थी। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, गणमान्य नागरिक कन्हैया राठौर, नीरज जैन, मुकेश दुबे, राकेश चतुर्वेदी, पवन पैकरा, तापस शर्मा एवं गुरुकुल हायर सेकेण्डरी विद्यालय पेंड्रारोड और मिश्री देवी कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय गौरेला के छात्र-छात्राओं सहित अनेक नागरिकों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का भाषण, विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति और युवाओं के अद्भुत शारीरिक कला प्रदर्शन, मल्लखम्ब, स्केटिंग आदि रोमांचकारी प्रस्तुतियों का लाइव प्रसारण देखा।

### विकसित भारत यात्रा में लगाए गए विभिन्न स्टाल



**लोरमी।** ग्राम भाटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव तोखन साहू रहे। अपने उद्बोधन में तोखन साहू ने कहा कि सरकार की इस शिविर में सभी विभागों के एक साथ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्या सुन रहे हैं एवं लाभार्थियों को मदद पहुंचा रहे हैं। सरकार क्षेत्र के सभी समुचित विकास करेगी। कार्यक्रम में मदन चंद्राकर,जनपद सदस्य मोहित साहू,जीवन साहू, गोविंद चंद्रावर सरपंच, महेंद्र तिवारी ,सुमन हेमचंद, शंकर साहू, ,चिल्लेखा सरपंच, स्वतंत्र चंद्राकर, केदार चंद्राकर,बेद राम चंद्राकर, रामकुमार, ईश्वर चन्द्राकर प्रवीण ठाकुर, धनेश साहू, राजेन्द्र ,मदन चंद्राकर, मोहित सहित ग्रामीण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से मुग्ध हुए श्रद्धालु



**पथरिया/मुंगेली।** सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्वर्गीय बेचूराम साहू के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर पथरिया में किया जा रहा है। कार्यक्रम में भागवताचार्य पंडित घनश्याम बेरला बेमेतरा द्वारा प्रतिदिन कथा सुना रहे हैं। कथा का समापन 12 जनवरी को होगा। यजमान कृष्ण कुमार साहू एवं तिरिथ साहू हैं। भगवान श्रीकृष्ण के बाल-लीलाओं को बहुत ही सुंदर शैली में सुनाया गया तथा कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा को जीवंत झांकी के माध्यम से दिखाया गया, जो बहुत ही सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने विष्णु प्रसाद साहू, गुप्तेश्वर साहू, डीकेश्वर साहू, सत्येंद्र साहू, गुरुकांत साहू, भागीरथी साहू, नितेश साहू एवं कार्यकर्ता लगे हुए हैं। उक्त जानकारी जनपद सदस्य जानकी डॉ. रामकुमार साहू ने दी।

### पार्षद ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**पेंड्रा।** वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद रमेश साहू ने अपने वार्ड के दुर्गा सरोवर से रघुनंदन गौतम के घर तक और रोहिणी महराज के घर के पास से मुरली शर्मा के घर तक 130 मीटर सी सी रोड निर्माण के कार्य का भूमि पूजन कर रोड निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। बरसात में वार्ड वासियों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था जिससे अब निजात मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद रमेश साहू के साथ वार्ड वासी उपस्थित रहे। इस दौरान पार्षद रमेश साहू ने बताया कि जल्द ही नगर पंचायत पेंड्रा के वार्ड 12 के दुर्गा सरोवर के पास ही स्वीकृत नाली निर्माण का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। बता दें कि पार्षद रमेश साहू अपने वार्ड के विकास के लिए हमेशा ही तत्पर रहते हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल में अपने वार्ड में अनेकों विकास कार्य कराए गए हैं।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अंचल में हुए विविध आयोजन

# युवाओं से किया गया नशे से दूर रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड़

मरवाही क्षेत्र में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बरगवां के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में धान खरीदी केंद्र भर्रीडांड़ में युवाओं को नशे से मुक्त करने के लिए राजयोग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र में आए युवा वर्ग एवं न्यायिक मानवाधिकार परिषद प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के पार्थो चक्रवर्ती एवं राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा के सह संपादक मुकेश उपस्थित हुए। विवेकानंद जी के चरित्र की महिमा को याद दिलाते हुए ब्रह्माकुमारी दुर्गा बहन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भी भारत के राजयोग की महिमा की थी। बीके दुर्गा बहन ने बताया कि राजयोग वह योग है जिसमें हम स्वयं को आत्मा समझकर निराकार परमपिता परमात्मा शिव को याद करते हैं। इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन ने सभी युवाओं से राज्यों की विधि सीखने की अपील की एवं व्यसन से मुक्त रहने का संकल्प कराया और कहा कि विकसित युवा ही विकसित भारत का आधार होगा और यही राष्ट्रीय युवा दिवस को विवेकानंद जी को सच्ची-सच्ची श्रद्धांजलि देना होगा।





### आत्मानंद स्कूल में निबंध व भाषण स्पर्धा

**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन प्राचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन में सादगी पूर्वक समाज एवं धर्म सेवा का पुनीत कार्य करते हुए समूचे विश्व में भारत का नाम रोशन किया। कार्यक्रम को व्याख्याता महादेव यादव, पंकज मिश्रा, ज्योति जायसवाल ने भी संबोधित करते हुए उनके महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी सांत्वना दत्ता ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता पुष्पांजली कोशले, पारूल ओझा, संध्या कुजूर, दिलेश्वरी मरावी, रूही फातिमा, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू, पीटीआई राजेन्द्र प्रसाद साहू, राहुल यादव सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निकाली तिरंगा यात्रा



**करगी रोड कोटा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। रेलवे स्टेशन से जय स्तंभ चौक नाका तक 1251 फीट लम्बी तिरंगा यात्रा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए। नगर के लोगों ने जगह-जगह तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि अमृता प्रदीप कौशिक अध्यक्ष नगर पंचायत कोटा शालिनी वर्मा राष्ट्रीय मंत्री ,अमित सोनी अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल कोटा रहे। उन्होंने भारत की अनेकता में एकता और अखंडता प्रेम सद्भावना समृद्ध भारत के लिए तिरंगा यात्रा हर भारतीय के लिए गौरव की बात कही। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल रहे। कोटा थाने में कोटा पुलिस द्वारा तिरंगे को सलामी दी तथा मारवाड़ी युवा मंच अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन में स्वागत किया ।

### नगर पंचायत बरेला में स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर रखी गई संगोष्ठी



**जरहागांव।** शासन के निर्देशसनुसार नगर पंचायत बरेला में पीएम के संदेश वाचन के सीधा प्रसारण में नगर के जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों स्कूली बच्चे स्टाफ जुड़कर प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं के नाम संदेश को सुना। सीएमओ चंद्रभूषण बांधे ने बताया कि शासन के निर्देशन पर हाई स्कूल बरेला में पीएम के संदेश का सीधा प्रसारण में जुड़ने हेतु नगर के वरिष्ठ नागरिक ,जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चों को आमंत्रित किया गया। पीएम के संदेश में मुख्य रूप से युवाओं को प्रेरित करने संदेश दिया। पंडित गौरव तिवारी ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। स्कूली बच्चों के साथ युवाओं को उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार ,कृतका धुरी, बबलू पटेल, संजय निर्मलकर, हेतराम धुरी, रमेश धुरी, वाशु देव पटेल, विजय दीवान, पद्ममन क्षत्री, नोहर सिह ठाकुर अरुणेश प्रजापति आदि मौजूद थे।

### ससिमं में मनी विवेकानंद जयंती



**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विद्यालय बड़ा बाजार में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में भागवत प्रवक्ता पंडित सागर पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संस्कृति परम्परा अनुसार दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रों के साथ किया। इस अवसर पर विवेकानंद बाल कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं ने विवेकानंद, भारत माता सरस्वती माता की झांकी निकाली



**जरहागांव।** सरस्वती शिशु मंदिर बरेला में स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती, ओम, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बरेला नगर पंचायत के सीएमओ सीबी बांधे, अध्यक्ष राकेश बैस, उपाध्यक्ष पदमन क्षत्री, पार्षद संजय निर्मलकर नोहर ठाकुर, सुरेश ठाकुर, प्रधानाचार्य विनोद पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूजा अर्चना के पश्चात सभी अतिथियों का श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के बाद शोभायात्रा निकाली गई। मुकेश पटेल बड़े बरेला के नेतृत्व में शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य संतोष पटेल, कृपाल सिंह, मुमताज खान, भारती देवांगन, पिंकी सवैया ,दिव्यारानी पटेल, अखिलेश कश्यप, सरोजनी प्रजापति, स्मृति पटेल, तोषिका पटेल एवं भैया बहनों का योगदान सराहनीय रहा।

## संकल्प विकसित भारत के कैलेंडर का कौशिक ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



नगर पंचायत सरगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक थे। उन्होंने हमारा संकल्प विकसित भारत के कैलेंडर का विमोचन किया। श्री कौशिक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश विकास के नए-नए आयाम छू रहा है। अभी हमारा देश विकासशील के श्रेणी में आता है मोदी के नेतृत्व में 2047 तक इसे विकसित राष्ट्र बनाना है। केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारा संकल्प है ताकि गरीब से गरीब तबका भी हमारे सरस्वती प्रधानमंत्री की योजनाओं से लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कैलाश ठाकुर जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू, रणजीत सिंह हैप्पी, पंकज वर्मा, पोषण यादव ,परमानंद साहू, भेकचंद साहू, गोविंद साहू, रिजवान हब, गोपाल अग्रवाल, उदित साहू तथा नगर के पार्षद गरमानी नागरिक तथा बड़ी संख्या में हितग्राही तथा सरकारी योजनाओं में फॉर्म भरने वाले लोग उपस्थित रहे। नगर तथा आसपास के निजी तथा शासकीय संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया।

## स्कूलों की मरम्मत व जीर्णोद्धार में विभाग उदासीन

■ फेल हो रही मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना

**मुंगेली।** जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। इस योजना के तहत स्कूल भवनों के मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने जिन विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उन विभाग के जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारीपूर्ण रवैया से स्कूलों के मरम्मत कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है। स्कूलों के मरम्मत, जीर्णोंद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में जमकर अनियमितता की गई।

जिले के 579 स्कूल भवनों में मरम्मत कार्य होना था, कई स्कूलों में अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। बीते वर्ष तात्कालिक कांग्रेस शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों का मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष बनाने आदेश जारी किया गया था। इसके लिए 15 करोड़ 63 लाख 48 हजार रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई थी। इन स्वीकृत राशि से जिले के 579 स्कूल भवनों में कार्य होना था। कई स्कूलों में कार्य पूर्ण हो चुका है तो वहीं कई स्कूलों में कार्य जारी है। जबकि कई स्कूल ऐसे हैं जहां कार्य शुरू तक नहीं किया गया है। नगर के रामानुज देवांगन शासकीय प्राथमिक शाला भवन की स्थिति काफी जर्जर है। पूर्व में भी इसके जर्जर भवनों को मरम्मत की मांग की गई थी, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र ही निर्माण प्रारंभ करने की बात कही थी। विभागीय जानकारी के अनुसार आने वाले 31 मार्च तक जिले के इन 579 स्कूल भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य पूरा करने का दिशानिर्देश उच्च कार्यालय से प्राप्त हुआ है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्य हेतु 15 करोड़ 63 लाख रुपये स्वीकृत हुआ है, लेकिन 5 करोड़ 60 लाख रुपए ही आया है, जबकि बाकी की राशि अप्राप्त है।



### जितनी राशि, उतना काम

आरईएस विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जितनी राशि प्राप्त हुई उतना काम कराया गया है। कई स्कूलों का कार्य पूर्ण हो चुका है और कई स्कूलों का काम बंद है। जिसका मुख्य कारण राशि अप्राप्त होना है। स्कूल भवनों के मरम्मत और जीर्णोद्धार सहित अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए आरईएस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले के कई स्कूलों की मरम्मत कार्य पर लापरवाही बरती गई है। वहीं जिम्मेदार विभाग स्कूलों में हुए मरम्मत कार्य की बारीकी से जांच करने के बजाए मौन है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 146 स्कूल भवनों का कार्य पूरा हो चुका है।

## लोगों को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित आगर खेल परिसर में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया। लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा युवाओं नाम संदेश का लाईव प्रसारण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में नागरिकों ने सुना।

संकल्प शिविर में भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया तथा अतिथियों द्वारा पीएम उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन एवं पीएम स्वनिधी योजना के तहत हितग्राहियों चेक राशि प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेष पाठक, नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष मोहन मल्लाह, पूर्व अध्यक्ष संतूलाल सोनकर, राणा प्रताप सिंह, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, एसडीएम आकांक्षा शिक्षा खलखो, तहसीलदार शेखर पटेल, जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू, रजनी मानिक सोनवानी, जितेन्द्र दावड़ा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## मंडल सशक्तिकरण अभियान के तहत युवा मोर्चा की कार्यशाला




**पेंड्रा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की मंडल सशक्तिकरण अभियान के तहत जिला की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया राठौर ने सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने भी समूचे जिले में जीत का परिणाम लाने के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया एवं आगामी 24 जनवरी को होने वाले नवमतदाता सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सुझाव मांगे एवं कार्य निर्देश भी दिए। कार्यक्रम का संचालन युवामोर्चा के जिला मंत्री प्रखर तिवारी एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री सिद्धार्थ दुबे ने किया। कार्यशाला में लुसन राठौर, शिव शर्मा, गौरव शर्मा, भावेश केशरवानी, रजनीश तिवारी, हेमराज राठौर, संदीप मिश्रा, रितेश साहू, सन्नी आगवानी, आयुष पांडेय, केशव पाण्डेय, संतोष यादव, एकलव्य केवट, प्रखर नामदेव, करन साहू, उमेश कश्यप, वायुनन्दन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## लोरमी क्षेत्र में प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# खरीदी केंद्र ले जा रहे 110 क्विंटल धान सहित वाहन जब्त



**लोरमी।** क्षेत्रांतर्गत स्थित धान उपार्जन केन्द्र खुड़िया का निरीक्षण 12 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी प्रवीण तिवारी, मंडी उप निरीक्षक हर्षवर्धन पाटले एवं पटवारी प्रकाश कुमार वर्मा एवं रमन कतलम की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चंदर सिंह पिता स्व. गोपाल सिंह निवासी ग्राम कटामी द्वारा कुल 54 क्विंटल (135 बोरी) सुरही गांव के व्यापारी श्यामलाल से लेकर धान खरीदी केन्द्र खुड़िया में विक्रय हेतु लाया गया, जिसे अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर हर्षवर्धन पाटले मंडी उप निरीक्षक लोरमी द्वारा उक्त धान को जब्त कर धान खरीदी प्रभारी खुड़िया के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार जोहन पिता स्व. तिहारी निवासी ग्राम सुरही द्वारा कुल 33.60 क्विंटल (84 बोरी) धान लाया गया था, जिसमें से 10 बोरी मात्र (04 क्विंटल) जोहन का पाया गया बाकी 74 बोरी धान (29.60 क्विंटल) उसके गांव के व्यापारी दानसिंह ठाकुर का होना पाया गया। इसी प्रकार बिरसो पति जैतू निवासी ग्राम बोईरहा द्वारा कुल 63 बोरी धान (25.60 क्विंटल) लाया गया था, जिसमें से 13 बोरी (5.20 क्विंटल) व्यापारी मंजू ग्राम बोईरहा से लाया गया था। उक्त धान को मंडी उप निरीक्षक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देश से जब्त कर धान खरीदी प्रभारी खुड़िया के सुपर्द किया गया। धान उपार्जन केन्द्र ग्राम अखरार में तहसीलदार गरिमा मनहर अनंत, मंडी उप निरीक्षक देवराज जगत, पटवारी राकेश साहू के संयुक्त दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया । जिसमें ग्राम अखरार के किराना व्यापारी अश्विनी पिता रंजन जायसवाल के दुकान में 15 क्विंटल अवैध धान एवं गुलजारी लाल पिता जनकराम जायसवाल के दुकान में 07 क्विंटल धान इस प्रकार कुल 22 क्विंटल धान की जप्ती मंडी अधिनियम के तहत की गयी। इस प्रकार 12 जनवरी को दोनों धान खरीदी केन्द्रो से कुल मिलाकर 110.80 क्विंटल धान को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था समिति प्रबंधक को नोटिस



**लोरमी।** कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम प्रवीण तिवारी ने ग्राम भालूखोंदरा में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में समिति प्रबंधक द्वारा खरीदी की गई धान की बोरियों को बहुत ही अव्यवस्थित ढंग से रखा गया था। धान की बोरियों की कोई स्टेकिंग भी नहीं की गई थी, बल्कि सिंगल लेयर में सम्पूर्ण स्थल में धान की बोरियों को बेतरतीब रखा गया था। जिसके कारण कृषकों को बहुत असुविधा हो रही थी। धान खरीदी केंद्र के पास रिक्त स्थल भी उपलब्ध है लेकिन समिती प्रबंधक द्वारा उसका उपयोग ही नहीं किया जा रहा है। ऐसी अव्यवस्था देखकर एसडीएम ने बहुत नाराजगी जताई और समिति प्रबंधक को फटकार लगाकर तत्काल व्यवस्था सुधारने निर्देशित किया ताकि कृषकों को कोई असुविधा न हो सके। एसडीएम प्रवीण तिवारी ने समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।